# जिले में पेयजल की उपलब्धता के समुचित प्रयास हों : कैलाश

## सतना जिले के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 मार्च. सतना जिले के प्रभारी मंत्री और म.प्र. शासन के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता बनाये रखने के लिए सुनिष्चित प्रबंध किये जाये।**



इसी प्रकार ग्रीष्मकाल में होने वाली बीमारियों की रोकथाम और उपचार की समुचित व्यवस्था की जाये। सतना जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रभारी मंत्री कैलाष विजयवर्गीय ने ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीण और षहरी क्षेत्रों में पेयजल की समुचित उपलब्धता के लिए की गई तैयारी और जल जन्य बीमारियों तथा ग्रीष्मकाल के दौरान होने वाली बीमारियों के रोकथाम के लिए तैयार कार्ययोजना की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कलेक्टर प्रत्येक माह जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर पेयजल की स्थिति की समीक्षा करें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में स्वच्छ पेयजल के उपयोग और टयूब वेल से प्राप्त अण्डर ग्राउण्ड वाटर को पेयजल के रूप में पानी उबालकर उपयोग करने के प्रति जागरूकता लाये। ग्रामीण क्षेत्रों में जिला और ब्लाक स्तर पर और षहरी क्षेत्रों में नगर निगम स्तर पर पेयजल संबंधी, समस्याओं के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम बनाये। षहरी क्षेत्रों में सप्लाई किये जा रहे पेयजल की गुणवत्ता चेक कराये। सुनिष्चित करे कि दूषित जल की सप्लाई नहीं हो, जल शोधन संयंत्र में पानी की गुणवत्ता गंभीरता से देंखे। उन्होंने जल जन्य बीमारियों और ग्रीष्मकालीन बीमारियों से बचाव के लिए जन जागरूकता लाने तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाओं का स्टाक रखने के निर्देष भी दिये। जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14-15 वर्ष की किषोरियों को किये जा रहे एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत प्रतिनिधियों, सरपंच, षहरी क्षेत्रों में महिला संगठन, सामाजिक संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर टीकाकरण के लिए जागरूकता लाने के प्रयास और सकारात्मक वातावरण बनाने की दिषा में कार्य करें।

### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, कलेक्टर डॉ. सतीष कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह, वन मण्डलाधिकारी मयंक चांदीवाल, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह, अपर कलेक्टर विकास सिंह सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### आईएसबीटी के नाम का अनुमोदन

प्रभारी मंत्री ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुसार सतना में नवनिर्मित आईएसबीटी का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेयी के नाम पर किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। महापौर नगर निगम योगेश ताम्रकार द्वारा षासकीय विद्यालय सिंधी कैम्प का नामकरण अमर षहीद हेमू कालाणी के नाम पर किये जाने के प्रस्तुत प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए प्रभारी मंत्री ने इसे कार्यवाही में लेकर अगली बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देष दिये।

# पुल के नीचे मिला युवक का शव

## जवा थाना क्षेत्र का मामला

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 मार्च, रीवा जिले के जवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत शितलहा के पास स्थित पुल के नीचे बुधवार की सुबह एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई.**

सुबह ग्रामीणों ने पुल के नीचे शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. मृतक की पहचान सुगन बसोर निवासी बरुहा टोला, भनिगवां के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि सुबह जब कुछ ग्रामीण पुल के पास से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर नीचे पड़े युवक के शव पर पड़ी. इसके बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और तुरंत इसकी सूचना जवा थाना पुलिस को दी गई. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कमलेश साहू पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवा भेज दिया है. फिलहाल युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसका स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा. पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है.

# क्योटी जल प्रपात में गिरी युवती, तलाश जारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 मार्च, जिले के सिरमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत क्योंटी जलप्रपात में मंगलवार की शाम एक युवती के गिरने का मामला प्रकाश में आया है. चश्मदीदो द्वारा घटना की सूचना सिरमौर पुलिस को दी गई है जिसके बद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एनडीआरएफ की टीम को बुलाकर युवती की पता तलाश शुरू कर दी गई है.**

सिरमौर थाना प्रभारी दीपक तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती शाम कुछ लोगों द्वारा सूचना दी गई थी कि तकरीबन 18 से 20 वर्षीय एक युवती जो लाल कलर के कपड़े पहने हुई थी अचानक जलप्रपात के किनारे पहुंची और नीचे जा गिरी. मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती के संबंध में जानकारी एकत्रित कर रही है फिलहाल युवती कौन है और प्रताप तक वह कैसे पहुंची यह स्पष्ट नहीं हो पाया है. बताया गया है कि आज दोपहर कुछ लोग राजगढ़ गांव से सिरमौर थाने पहुंचे थे जिन्होंने अपने घर की एक युवती के लापता होने की सूचना पुलिस को दी है. फिलहाल पुलिस गोताखोरों की मदद से युवती की पता तलाश प्रताप में पानी के गहराइयों में कर रही है युवती के मिलने के बाद ही उसकी पहचान हो पाएगी और घटना की सही जानकारी मिल पाएगी.

# तीसरे दिन मिला किशोर पवन का शव, परिजनों का हंगामा

## पुलिस ने मामले को समझा-बुझाकर किया शांत, दो संदिग्ध हिरासत में, पूछताछ जारी, भीड़ को उसकाने में लगे थे लोग

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। मोरवा थाना क्षेत्र के साईनगर निवासी एक 15 साल का बालिक 9 मार्च की रात 9:30 बजे से गायब था। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर बालक की तलाश में जुट गई थी। जिसका शव आज दिन बुधवार को ग्राम पिपरखड़ के एक खाली मकान में संदिग्ध हालत में मिला।**

पुलिस इस मामले में दो संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछतांछ कर रही है। वहीं परिजन थाना के सामने हंगामा करने लगे। पुलिस ने मामले को समझा-बुझाकर शांत कराया। जानकारी के अनुसार साईनगर निवासी अजय शाह का पुत्र पवन शाह उम्र 15 वर्ष 9 मार्च की रात करीब 9:30 बजे घर से बिना बताए निकला और रात भर नही लौटा, परिजन परेशान होकर तलाश



करते रहें, दूसरे दिन मोरवा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया। पुलिस मोरवा टीआई ने मामले को गंभीरता से लेते हुये गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश में जुट गई। आज ग्राम पिपरखड़ के एक खाली मकान में शव मिला। चर्चा है कि उसके सिर पर पत्थर से हमला कर मौत की नींद सुला दिया गया। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए रवाना कर दिया। वहीं मृतक के परिजन व अन्य लोग थाना के सामने हंगामा करते हुये पुलिस वाहन में तोड़-फोड़ करते हुये बैरिकेट तोड़ने लगे। साथ ही पुलिस पर पत्थर भी चला रहे थे। मौके पर मौजूद एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम, एसडीएम सुरेश जाधव, टीआई विंध्यनगर अर्चना द्विवेदी, माड़ा शिवपूजन मिश्रा, नायब तहसीलदार अभिषेक यादव सहित भारी संख्या में पुलिस मौके से पहुंच स्थिति को संभालते हुये मामले को शांत कराया। पीड़ित परिजनों का कहना था कि आरोपियों के मकान को जमीदोज करें और उन्हें फांसी पर चढ़ाएं। इधर सूत्र बता रहे हैं कि भीड़ को उसकाने के लिए तथाकथित लोगबाग लगे थे। उनकी मंशा थी कि पुलिस भी लाठी भाजे, ताकि थाने की किरकिरी हो।

### विधायक व जिलाध्यक्ष पहुंचे मोरवा

मोरवा में हुई उक्त घटना की जानकारी मिलते ही सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दरलाल शाह, भाजपा नेता प्रवीण तिवारी मोरवा थाना पहुंच मृतक के परिजनों के साथ बैठकर बातचीत किये। इस दौरान एसडीएम व पुलिस अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि आरोपियों को बक्सा नही जाएगा। आरोपियों के खिलाफ कठोरतम विधि अनुरूप कार्रवाई की जाएगी। विधायक एवं पुलिस तथा राजस्व अधिकारियों के आश्वासन के पश्चात मामला शांत हुआ।

### आरोपी सुधांशु एवं इरशाद ने कबूला जुर्म

इस संबंध में एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम ने बताया कि बीते दरमियानी रात थाना मोरवा में अजय शाह द्वारा सूचना दी कि उसका लड़का पवन शाह 15 वर्ष घर से बिना बताए कही चला गया है, सूचना पर थाना मोरवा में अपराध की धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना पता चला कि 5 मार्च को आरोपी इरशाद से पवन शाह व परिजन से विवाद हुआ था, जहां आपस में सुलह कर लिए थे, पुलिस में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई थी। पुलिस के द्वारा तकनीकी साक्ष्य जुटाने पर 2 संदेहियों का नाम पता चलने पर सुधांशु गुप्ता व मोहम्मद इरशाद से पूछतांछ की गई, जिसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए पवन शाह की हत्या करना स्वीकार किया। इनसे अभी पूछतांछ चल रही है, दोनों आरोपी पुलिस अभिरक्षा में हैं। अन्य साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे है। एसपी द्वारा एक विशेष अन्वेषण दल का गठन किया गया है, जहां महत्वपूर्ण भौतिक साक्ष्य व तकनीकी साक्ष्य का संकलन कर आरोपियों के विरुद्ध विधि अनुरूप कठोरतम कार्यवाही की जावेगी।

# कमिश्नर ने पीजी कॉलेज का किया निरीक्षण

## कॉलेज तक पहुंच मार्ग एवं अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आये रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद एवं कलेक्टर गौरव बैनल ने संयुक्त रूप से गनियारी में 26.91 करोड़ की लागत से निर्मित पीजी कॉलेज का निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान आटोडोरियम, क्लास रूम, मल्टीपर्पज हाल आदि का अवलोकन किया गया तथा निर्देशित किया कि कॉलेज तक पहुंच मार्ग का निर्माण करायें एवं कॉलेज के आसपास अवैध रूप से किए गये अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाही करें। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सविता यादव, प्रीति सिकरवार, कार्यपालन यंत्री पीआईयू प्रदीप चडार, अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य एमयू सिद्दीकी, सहायक यंत्री विपिन पाण्डेय मौजूद रहे।

# एक वर्ष के मासूम की हत्या करने वाला आरोपी पिता गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। जिले के माड़ा थाना क्षेत्र में एक साल के मासूम बच्चे की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पिता घरेलू विवाद के दौरान लाठी से हमला कर रहा था, इसी दौरान मासूम के सिर में चोट लगने से उसकी मौत हो गई थी।**

जानकारी के अनुसार माड़ा थाना क्षेत्र के बसौड़ा गांव निवासी रमाशंकर उर्फ रामाशंकर सिंह गोंड ने 5 मार्च की शाम घरेलू विवाद के दौरान अपनी पत्नी को बांस की लाठी से मारना शुरू कर दिया। इसी दौरान लाठी



उनके एक साल के बेटे रियान्स सिंह के सिर में लग गई, जिससे बच्चे को गंभीर अंदरूनी चोट आई। परिजन उसे इलाज के लिए जिला चिकित्सालय सह ट्रॉमा सेंटर बैढ़न लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। घटना के बाद माड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी पिता की तलाश शुरू कर दी थी, जो घटना के बाद से फरार हो गया था। पुलिस ने लगातार तलाश के बाद आरोपी रमाशंकर सिंह गोंड को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।


**CHANGE OF NAME**

I Sanjeev Sahu S/o Indramani Sahu R/o Graam Patna, Post Baron, Tahseel Semariya, barou, PO-Baraon, Dist-Rewa, Madhya Pradesh - 486441, have changed my name to Sandeep Sahu.



**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा**

( स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन विभाग)

क्रमांक 1839/ स्वा. वि. / ई-टेण्डरिंग / 2026 खण्डवा, दिनांक 09/03/2026

-: निविदा विज्ञप्ति :-

नगर पालिक निगम खण्डवा मे निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य की निविदा का विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | ऑनलाईन पोर्टल | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UADD _488630_1 | Offers invitiang Sterilization & \|Immunization of Stray Dogs in KMC Under Animal Birth Control Programme | 21.00 | 21000/- | 5,000/- | निविदा जारी होने के दिनांक से आगामी एक वर्ष तक |

1. निविदा ऑनलाइन कय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :- 06/04/2026 (शाम 5.30 बजे तक)
2. निविदा खोलने की दिनांक :- 08/04/2026 (प्रातः 10.30 बजे)

निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो वह समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा

उपायुक्त
नगर पालिक निगम, खण्डवा


# बीच सड़क में युवक से मारपीट का वीडियो वायरल

## लालगांव चौकी क्षेत्र की घटना

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 मार्च, रीवा जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत लालगांव चौकी इलाके में एक युवक के साथ बीच सड़क पर जमकर मारपीट का मामला सामने आया है. घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.**

घटना के संबंध में पीड़ित युवक ने बताया कि वह दिनेश साकेत नाम के युवक के साथ अपने मामा के घर फाग गाने गया था. वहां करीब एक से दो घंटे तक फाग गाने के बाद जब वापस आ रहा था तभी प्रेम नाम के युवक ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी. मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया. पीड़ित के अनुसार किसी तरह वहां से निकलने के बाद रास्ते में 3 से 4 लोगों ने फिर से उसके साथ मारपीट की, जिससे उसके हाथ के अंगूठे में गंभीर चोट आ गई. मामले को लेकर पीड़ित के परिजन एसपी ऑफिस पहुंचे और लिखित शिकायत देकर न्याय की मांग की.

# खपरैल मकान में लगी आग, आधा हिस्सा जला

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 मार्च। माड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कुबरी निवासी श्यामसुन्दर साकेत के खपड़ैल मकान में बीती रात अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे कच्चा मकान का आधा हिस्सा जल गया।**



जानकारी के अनुसार ग्राम कुबरी निवासी श्यामसुन्दर साकेत के मकान में बीते दिन मंगलवार की रात करीब 1 बजे अचानक आग लग गई। आग किन कारणों से लगी, अभी स्पष्ट नही हो पाया है। चर्चा है कि खाना बनाते समय आग की चिंगारी उठने से यह हादसा हुआ है।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन दमकल नही पहुंचा, स्थानीय ग्रामीण आग बुझाने में लगे, मकान का आधा हिस्सा जल गया।

# रामायण इतिहास का सबसे श्रेष्ठ महाकाव्य है : स्वामी राघवाचार्य

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 मार्च, निष्काम-सेवाभावी, विनम्र-निराभिमानी, श्रेष्ठ मनुष्य शुभ कर्मो के कारण अनन्त काल तक स्मरणीय और वन्दनीय रहते हैं. जिनके पास त्याग, तप और संयम का बल है तथा जिनकी क्रियाएँ और अभिरुचियाँ पारमार्थिक हैं, इस धरती पर उन्हीं का यशोगान हुआ है. उक्त उद्गार हनुमंता में चल रही श्रीमद् बाल्मीकि रामायण कथा महोत्सव के दौरान जगतगुरू स्वामी राघवाचार्य महाराज ने व्यक्त किये. उन्होने कहा**



भारत उच्च आदर्श एवम् दिव्य चरित्रों की उपासना का देश है, यहाँ व्यक्ति धनबल अथवा भौतिकीय समृद्धि के कारण बड़ा नही माना जाता, अपितु अपने देश में चरित्र और विचार से व्यक्तित्व की श्रेष्ठता का निर्धारण होता है. अतः सत्कर्म प्रीति, परमार्थ और निःस्वार्थ सेवा व्यक्ति का स्वभाव होना चाहिए. ऐसे ही सामाजिक उदारता से परिपूर्ण आध्यात्मिक संपन्न व्यक्ति है डॉ. एस एस तिवारी परिवार जिनके भागीरथ प्रयास से विगत कई वर्षों से समाज एवम् लोककल्याण हेतु रामकथा ज्ञानयज्ञ का पुण्य कार्य अनवरत जारी है. आज सप्तम दिवस की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने सीता राम विवाह प्रसंग को बहुत ही सहज एवं व्यापक रूप से वर्णित किया उन्होंने कहा कि विवाह का उद्देश्य धर्माचरण है. गृहस्थ जीवन में आचार,विचार, नैतिकता, निष्ठा एवं नितिज्ञ और वेद विहित शास्त्र सम्मत उपदेशित कार्यों का अनुसरण करना चाहिए. व्यासजी ने कहा कि श्रीमद् वाल्मीकि रामायण समस्त वेदों का अवतार है. श्रीमद् वाल्मीकि रामायण की कथा श्रवण का अवसर सौभाग्य से ही प्राप्त होता है. यह ग्रंथ वाल्मीकि रूपी पर्वत से निकलकर राम रूपी सागर की ओर ले जाने वाली गंगा है. व्यास जी महाराज के द्वारा जनक पूरी मिथिला की आध्यात्मिक परंपराओं के साथ मिथिला की सखियों का जेवनार एवम् गीत गारी इत्यादि रस्मो का अनेकानेक भावों का प्रभावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया. कथा का श्रवण करने देवतालाब विधायक गिरीश गौतम, पूर्व विधायक श्रीमती नीलम मिश्रा, पूर्व विधानसभा सचिव सत्यनारायण चतुर्वेदी, पूर्व प्रदेश मंत्री राजेश पांडेय आदि पहुंचे.


**नवभारत**

*यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो*

**आवश्यकता है**

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के सतना संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**सब एडीटर**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

**प्रसार प्रतिनिधि**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का अनुभव स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**रिपोर्टर**
योग्यता - स्नातक, रिपोर्टर क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

: संपर्क करें :

नवभारत प्रेस होटल साई छाया इन के सामने रीवा रोड, गहरा नाला सतना (म.प्र.)

फोन :- 9827271199, ई-मेल : navabharatsatna@gmail.com


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99